


## राजनीतिक

**● क्या ब्रिक्स सम्मेलन में शी जिनपिंग और पुतिन को नियंत्रित मीडिया कवरेज मिलेगा ?**

राजनयिक सूत्रों के अनुसार, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की गतिविधियों के लिए सुनियोजित मीडिया व्यवस्था की गई है। खुली प्रेस कॉन्फ्रेंस के बजाय, मीडिया को पूर्व-निर्धारित राजनयिक प्रोटोकॉल और चुनिंदा मीडिया समूहों के माध्यम से ही प्रवेश दिया जाएगा। स्वत: पूछे जाने वाले प्रश्नों की संभावना नहीं है, और कवरेज पूर्व-निर्धारित भाषणों, आधिकारिक संयुक्त उपस्थिति और द्विपक्षीय बैठकों पर केंद्रित रहेगा। इस तरह के नियंत्रित प्रारूप उच्च स्तरीय बहुपक्षीय शिखर सम्मेलनों के लिए एक प्रथागत राजनयिक प्रक्रिया का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिससे मेजबान देशों और अतिथि प्रतिनिधिमंडलों को संवेदनशील भू-राजनीतिक चर्चाओं को संभालने, राजनयिक मर्यादा बनाए रखने और सार्वजनिक संदेशों को प्रमुख बहुपक्षीय एजेंडों पर केंद्रित रखने में मदद मिलती है। साथ ही, यह ढांचा अनौपचारिक बातचीत और वास्तविक समय में प्रेस की निगरानी को सीमित करता है, जो उपस्थित प्रतिनिधिमंडलों के बीच अनुशासित, सर्वसम्मति-आधारित आधिकारिक संचार के प्रति साझा प्राथमिकता को दर्शाता है।

**● भारत लचीले ईंधन वाले वाहनों की ओर बदलाव को गति देने इथेनॉल मिश्रण की मात्रा बढ़ाने की योजना बना रहा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सलाहकार तरुण कपूर के अनुसार, भारतीय सरकार वर्तमान 20 प्रतिशत की सीमा से अधिक इथेनॉल मिश्रण की अनुमति देने के लिए सक्रिय रूप से योजना बना रही है। एक व्यापक जैव ईंधन रणनीति की आवश्यकता पर जोर देते हुए, कपूर ने कहा कि घरेलू बाजार में फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के वाणिज्यिक विस्तार के पूरक के रूप में, 100 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित ईंधन, यानी श्व100 की देशव्यापी खुदरा उपलब्धता को व्यापक रूप से विस्तारित किया जाना चाहिए। कपूरी ने घरेलू संसाधनों के उपयोग की रणनीतिक आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भारत को ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अपनी आंतरिक क्षमताओं का पूर्ण उपयोग करना चाहिए। 20 प्रतिशत इथेनॉल के मानक से आगे बढ़ने से देश के भारी कच्चे तेल आयात बिल में भारी कमी आने की उम्मीद है, साथ ही गन्ना किसानों और अनाज उत्पादकों को प्रत्यक्ष सहायता प्रदान करके ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्थाओं को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

**13,500 करोड़ की लागत वाला स्वदेशी मध्यम-लिफ्ट हेलीकॉप्टर :** रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीसीएस एचएएल के स्वदेशी मध्यम-लिफ्ट हेलीकॉप्टर के डिजाइन-विकास चरण के लिए लगभग 13,500 करोड़ की मंजूरी दे सकता है। हालांकि, अभी भी 'संभावित/रिपोर्टेड' शब्द का इस्तेमाल किया है।

## प्रशासनिक

**● क्या जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात नए डीजी बीएसएफ बनेंगे ?**

यदि बीएसएफ के पुलिस महानिदेशक प्रवीण कुमार पश्चिम बंगाल में डीजीपी के पद पर स्थानांतरित होते हैं, तो जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात उनके उत्तराधिकारी के रूप में बीएसएफ के महानिदेशक बन सकते हैं। प्रभात आंध्र प्रदेश कैडर के 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।



**● पूर्व आईएएस अधिकारी दास दिल्ली विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष**

1992 बैच के सेवानिवृत्त एजीएमयूटी आईएएस अधिकारी सुभाष चंद्र लाल दास को दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अजय कुमार जैन और प्रवीण गुप्ता को सदस्य नियुक्त किया गया है। खबरों के अनुसार, अध्यक्ष का पद जुलाई 2025 से रिक्त था।

**● लैंगिक असमानता पर विजयः महाराष्ट्र में महिला अधिकारियों का बढ़ता प्रभाव**

महाराष्ट्र में महिला अधिकारियों का महत्व बढ़ गया है, और कई लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शासन में महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व और सशक्तिकरण के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहे हैं।

**● आईएएस और आईपीएस पदों की स्थापना के लिए न्यायपालिका का संकेत**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने चेतावनी दी है कि सिविल सेवकों की निष्ठा राजनीतिक व्यवस्था के बजाय संविधान के प्रति होनी चाहिए। उच्च न्यायालय ने आकृति चौधरी मामले में सरकारी अधिकारियों की ज्यादतियों की आलोचना करते हुए यह टिप्पणी की, जो आईएएस/आईपीएस व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण शासन संकेत है।

**● आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के रुझान पर सवाल**

एक प्रमुख कार्मिक मुद्दा यह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने पूर्व के फैसले के बावजूद आईपीएस अधिकारियों को सीएपीएफ में प्रतिनियुक्त करने की प्रथा पर सवाल उठाया है। इससे उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड कैडर के अधिकारियों से संबंधित भविष्य के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति निर्णयों पर प्रभाव पड़ सकता है।

**● श्रीविद्या, आईएएस, भारत सरकार में संयुक्त सचिव या समकक्ष पद धारण करने के लिए पैनल में शामिल**

सुश्री पी.आई. श्रीविद्या को केंद्र सरकार में संयुक्त सचिव या समकक्ष पदों के लिए सूचीबद्ध किया गया है। वह कर्नाटक कैडर की 2010 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।

**● सुधांश पंत दिव्यांगजन सशक्तिकरण सचिव भी**

सुधांश पंत, आईएएस (राजस्थान कैडरः 1991 बैच), सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, को सुश्री वी विद्यावती की अवकाश अवधि के दौरान 12.09.2026 से 04.10.2026 तक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सचिव पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

**● राजेंद्र कुमार को आईएससीएस के सचिव का अतिरिक्त प्रभार**

राजेंद्र कुमार, आईएएस (तमिलनाडु कैडरः 1992 बैच), सचिव, सीमा प्रबंधन विभाग, को आशीष श्रीवास्तव की छुट्टी के दौरान 11.09.2026 से 20.09.2026 तक अंतरराज्यीय परिषद सचिवालय (आईएससीएस) के सचिव पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

**● भूपेंद्र गुप्ता को एसजेवीएन लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में अतिरिक्त प्रभार**

एनएचपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भूपेंद्र गुप्ता को एसजेवीएन लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार 1 अगस्त, 2026 से छह महीने की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है।

**● आईआरएस अधिकारी को एनटीए में शामिल होने के लिए पदमुक्त किया**

सीबीआईसी ने अमित समदारिया, आईआरएस (सी एंड आईटीः 2016) को केंद्रीय कर्मचारी योजना के तहत प्रतिनियुक्ति के आधार पर उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) में संयुक्त निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के लिए कार्यमुक्त कर दिया है। समदारिया की सेवाएं चार साल की अवधि के लिए एनटीए के अधीन रखी गई हैं।

# बारिश से खराब सड़कों को तत्काल मोटरेबल बनाएं बरसात के बाद नवीनीकरण भी हो : मुख्यमंत्री

## आगामी पर्व-त्योहारों से पहले प्रमुख मार्गों को प्राथमिकता से गड्ढा मुक्त करें

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश और बाढ़ से खराब हुई सड़कों की तत्काल मरम्मत कर उन्हें आवागमन के योग्य बनाने और बरसात के बाद जरूरत के अनुसार उनका नवीनीकरण कराने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि बारिश अभी जारी है, इसलिए सड़कों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए और बारिश से नए क्षतिग्रस्त मार्गों का भी सर्वे कराया जाए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी पर्व-त्योहारों में बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होगा। ऐसे में प्रमुख मार्गों पर आवागमन में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पर्वों से पहले आवश्यक मरम्मत और नवीनीकरण के काम पूरे करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गड्ढामुक्ति का काम केवल पैचवर्क तक सीमित न रहे। जहां सड़क तत्काल खराब स्थिति में है, वहां उसे अभी मोटरेबल बनाया जाए और बरसात समाप्त होने के बाद जरूरत के अनुसार स्थायी नवीनीकरण कराया जाए।

बैठक में बताया गया कि अतिवृष्टि के साथ ही एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय मार्ग, रेलवे आदि की निर्माणाधीन परियोजनाओं के कारण भारी वाहनों की आवाजाही से भी कई सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इन मार्गों का विभागवार सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे के आधार पर क्षतिग्रस्त सड़कों को चिन्हित कर गड्ढामुक्ति के विभागवार लक्ष्य तय किए जाएंगे।

आगामी पर्वों को देखते हुए प्रदेश में 681 महत्वपूर्ण मार्ग चिन्हित किए गए हैं। इनमें गणेश चतुर्थी, विश्वकर्मा पूजा, नवरात्रि, दीपावली, छठ पूजा और कार्तिक पूर्णिमा जैसे प्रमुख पर्वों के दौरान अधिक आवागमन वाले मार्ग शामिल हैं। इन मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर बेहतर स्थिति में रखने की तैयारी है।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों से भी उनकी कार्ययोजना की जानकारी ली। साथ ही मंडी परिषद, पंचायती राज, सिंचाई, ग्राम्य विकास, नगर विकास, आवास एवं शहरी नियोजन तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की कार्ययोजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ काम करने पर जोर दिया।

विभाग के प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि गड्ढामुक्ति अभियान में 09 विभागों के मार्ग शामिल हैं। इन विभागों के अधीन करीब 4.36 लाख किलोमीटर सड़कें हैं। वर्तमान लक्ष्य के तहत करीब 50 हजार किलोमीटर मार्गों को गड्ढामुक्त किया जाना है, जिसमें अब तक करीब 5,751 किलोमीटर पर काम पूरा किया जा चुका है। क्षतिग्रस्त मार्गों के सर्वे के बाद विभागवार लक्ष्य को अंतिम रूप दिया जाएगा। नवीनीकरण और विशेष मरम्मत के कार्यों की भी समीक्षा की गई। विभाग के अनुसार नवीनीकरण के लिए करीब 30 हजार किलोमीटर और विशेष मरम्मत के लिए करीब पांच हजार किलोमीटर का लक्ष्य रखा गया है। अब तक नवीनीकरण में करीब 14 हजार किलोमीटर और विशेष मरम्मत में करीब 700 किलोमीटर की प्रगति बताई गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क आम आदमी के रोजमर्रा के जीवन से सीधे जुड़ी है। शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, मुख्य बाजारों, सरकारी कार्यालयों और ऐसे अन्य स्थानों, जहां आमजन का आवागमन अधिक रहता है, वहां की सड़कों को प्राथमिकता पर लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन मार्गों पर तत्काल काम शुरू कराया जाए और जहां मरम्मत की जरूरत है, वहां बिना देरी किए सड़क को आवागमन योग्य बनाया जाए। उन्होंने कहा कि काम में तेजी के साथ गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए।

बैठक में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर, राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग ब्रजेश सिंह, राज्य मंत्री औद्योगिक विकास विभाग जसवंत सिंह सैनी, राज्य मंत्री जल शक्ति रामकेश निषाद तथा राज्य मंत्री ग्राम्य विकास विजय लक्ष्मी गौतम उपस्थित रहे।

## यूपी में हो रही अतिवर्षा को लेकर मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी समेत प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार की सुबह से ही बारिश हो रही है। भारी बारिश को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को बचाव एवं राहत कार्य के लिए निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने अति बारिश से होने वाली जनहानि, पशु हानि व आर्थिक हानि का भी संज्ञान लिया है। उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड पर निकलने के दिए निर्देश हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रभावित परिवारों की हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। अधिकारी प्रभावित परिवारों से संवाद बनाकर उपलब्ध हर संभव सहायता उपलब्ध कराएं। अति वर्षा, आकाशीय बिजली से हुई जन हानि, पशु हानि व आर्थिक हानि का आंकलन कर 24 घंटे में मुआवजा देने की व्यव्था सुनिश्चित की जाए। जलभराव से जनमानस को समस्या न होने पाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि खराब मौसम में आकाशीय बिजली गिरने की संभावना रहती है। ऐसे में इस दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें।

## बाढ़ में काटा जमालपुर-रामपुर मार्ग अब तक दुरुस्त नहीं, 24 गांवों का संपर्क प्रभावित

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, मीरजापुर :** जमालपुर क्षेत्र में बाढ़ के पानी से बचाव के लिए करीब एक पखवाड़े पूर्व काटा गया जमालपुर-रामपुर-बेलहर-ओड़ी मार्ग अब तक दुरुस्त नहीं हो सका है। इससे करीब 24 से अधिक गांवों के लोगों का ब्लॉक मुख्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सीधा संपर्क प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों को जरूरी काम के लिए कई किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।

बताया गया कि गड़ई नदी का तटबंध टूटने से करजी, हसौली, धोबही, बियरही समेत कई गांवों और सिवानों में पानी भर गया था। फसलों और घरों को बचाने के लिए ग्रामीणों ने हसौली और करजी के बीच जेसीबी से सड़क काटकर पानी का रास्ता बनाया था। इससे आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले वर्ष आई बाढ़ के दौरान करजी गांव के पास गड़ई नदी के तटबंध कई स्थानों पर टूट गए थे।

सिंचाई विभाग की ओर से उनकी मरम्मत नहीं कराए जाने के कारण इस वर्ष दोबारा बाढ़ का पानी गांवों और खेतों में पहुंच गया। अब पानी निकल चुका है, लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं होने से समस्या बनी हुई है। मार्ग कटने से करजी, धोबही, रामपुर, बेलहर, दौलताबाद, भाईपुर, भुईली, हाजीपुर, जिगना, सुरहां, बियरही, बिषौरा, शेरवां, विक्सी, जफराबाद और भोकरौध समेत करीब 24 से अधिक गांव प्रभावित हैं।

# पर्यटन मंत्री का जिला जेल में औचक निरीक्षण, मरीजों की चिकित्सा पर खास ध्यान देने के निर्देश

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, फर्रुखाबाद :** पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मंत्री, एवं जिले के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने जिला कारागार की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा कारागार परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कारागार में निरुद्ध बंदियों की संख्या, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पाकशाला में भोजन तैयार करने के लिए जिला कारागार में सुरक्षा व्यवस्था के लिए अन्य दायित्वों को पारदर्शिता अनुरूप रोस्टर के अनुसार बंदियों की ड्यूटी लगाई जाए, बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार रखी जाए। बंदी चिकित्सालय के निरीक्षण में निर्देश दिए गए कि पुरुष बंदी एवं महिला बंदियों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य उपचार प्रदान करें, इसके साथ संक्रमित एवं गंभीर रोग के मरीजों को साधारण मरीजों से अलग रखा जाए। मंत्री ने निर्देश दिए कि कारागार में निरुद्ध बंदियों को शासन की मंशा के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ रखने तथा परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था नियमित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि कारागारों में सुरक्षा के साथ-साथ मानवीय एवं सुधारात्मक वातावरण भी उपलब्ध कराया जाए।

# दौड़ जीतने के लिए युवकों ने लगाए घोड़ों वाले इंजेक्शन

**आगराः** आगरा के खेरागढ़ थाना क्षेत्र के अऐला गांव में दौड़ प्रतियोगिता के दौरान बेहतर प्रदर्शन के लिए दो युवकों द्वारा घोड़े को दिया जाने वाला स्टेरॉयड इंजेक्शन लेने का मामला सामने आया है। दौड़ पूरी करने के बाद दोनों युवकों की तबीयत बिगड़ गई और वे मैदान में ही गिर पड़े। साथियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां करीब दो घंटे इलाज के बाद उनकी हालत में सुधार हुआ।

गांव के श्यामवीर सिकरवार (16) और गौरव (22) आर्मी भर्ती की तैयारी कर रहे हैं। गुरुवार सुबह गांव में आयोजित छह किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता में दोनों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में श्यामवीर दूसरे और गौरव चौथे स्थान पर रहे। दौड़ से पहले दोनों ने बेहतर प्रदर्शन और थकान कम करने के लिए घोड़ों को दिया जाने वाला स्टेरॉयड इंजेक्शन लगा लिया था। युवकों के अनुसार, उन्होंने तीन एमएल इंजेक्शन लिया था। दौड़ समाप्त होने के बाद उनकी तबीयत खराब हो गई। उनके पास इंजेक्शन की खाली शीशी भी मिली थी। इसके बाद साथियों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेरागढ़ पहुंचाया।

आयोजन समिति के सदस्य पुष्पेंद्र ने बताया कि गांव में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए समय-समय पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। छह किलोमीटर की दौड़ भी इसी उद्देश्य से कराई गई थी। दौड़ के बाद दोनों युवकों को घबराहट हुई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल भेजा गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि युवकों ने प्रदर्शन बेहतर करने के लिए स्टेरॉयड का इंजेक्शन लिया था। इलाज के बाद उनकी स्थिति सामान्य हुई। उन्होंने कहा कि बिना चिकित्सकीय सलाह किसी भी प्रकार का स्टेरॉयड या इंजेक्शन लेना स्वास्थ्य के लिए गंभीर नुकसानदायक हो सकता है।


**क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड**
**टैंकर पार्किंग ऐरिया, गेल कॉम्प्लेक्स विजयपुर,**
**जिला- गुना (म.प्र.) 473112**
LiFE Lifestyle for Environment
**ई-मेल-** ropcb-guna@mp.gov.in, ro.mppcbguna26@gmail.com

**पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में लोक सुनवाई की सूचना**

हितबद्ध व्यक्तियों (Interested person) को यह सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित परियोजना मेसर्स विशाल रघुवंशी, खामखेड़ा स्टोन (गिट्टी एवं एम-सैंड) उत्खनन क्षमता स्टोन - 60,000 घ.मी./ वर्ष (अधिकतम), गिट्टी- 20, 000 घ.मी. / वर्ष व एम-सैंड- 40,000 घ.मी./वर्ष, क्षेत्रफल- 2.0 हेक्टेयर, खसरा नम्बरः- 136/2/1, ग्राम- खामखेड़ा, तहसील- आरोन, जिला- गुना (म.प्र.) हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 (ई) दिनांक 14/09/2006 एवं यथासंशोधित के तहत पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रक्रिया में लोक सुनवाई हेतु कार्यालय कलेक्टर, जिला-गुना द्वारा निम्नानुसार दिनांक, समय व स्थान नियत किया गया है-

| लोक सुनवाई की दिनांक व समय | लोक सुनवाई का स्थान | टीप |
|---|---|---|
| दिनांक 15.10.2026 समय 12.00 बजे से | परियोजना हेतु चिन्हित स्थल ग्राम-खामखेड़ा, तहसील- आरोन, जिला- गुना (म.प्र.) | अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग आरोन की अध्यक्षता में की जाना प्रस्तावित है। |

उक्त प्रस्तावित परियोजना का पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन प्रतिवेदन (ई.आई.ए.) तथा कार्यकारी सारांश की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी हिन्दी व अंग्रेजी में निम्नलिखित प्राधिकारियों/कार्यालयों में जन अवलोकनार्थ रखी रहेगी, जिसे किसी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान देखा जा सकता है।
1. 1. म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, (मुख्यालय) पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल (म.प्र.)।
2. म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट www.mppcb.nic.in
3. प्रभारी अधिकारी, बोर्ड मुख्यालय (आई.टी. सेक्शन), म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल, (म.प्र.)।
4. मुख्य वन संरक्षक, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन, लिंक रोड, क्रमांक-3 राजयोग भवन के पास, ई-5 अरेरा कालोनी, भोपाल, (म.प्र.)।
5. कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला-गुना (म.प्र.)।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय जिला पंचायत, जिला- गुना (म.प्र.)।
7. महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, गुना (म.प्र.)।
8. सचिव, ग्राम पंचायत, खामखेड़ा, तहसील- आरोन, जिला गुना (म.प्र.)।
9. क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विजयपुर, तहसील-राघौगढ़, जिला-गुना (म.प्र.) ।

प्रस्तावित परियोजना से संबंधित पर्यावरणीय विषय पर सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी, आपत्ति आदि यदि कोई हों तो, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विजयपुर, तहसील-राघौगढ़, जिला-गुना (म.प्र.) में प्रस्तुत कर सकते हैं।
इसके अलावा, नियत तिथि, समय और स्थान पर लोक सुनवाई आयोजित की जायेगी, जिसमें उपस्थित होकर प्रस्तावित परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी, आपत्ति आदि प्रस्तुत कर सकते हैं।

क्षेत्रीय अधिकारी


## आपका राशिफल 12 सितम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपके द्वारा प्रस्तुत योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक 2 4 6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-2-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-6-8-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। शुभांक-3-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। विवाद को टालें। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक 1 4 6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — आलस्य का त्याग करें। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। भाई बहनों का प्रेम बढ़ेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। शुभांक-4-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक 3 5 7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-5-7

## कार लोन सत्यापन से नाराज बेटी ने पिता पर तानी पिस्टल

**गाजियाबादः** गाजियाबाद के साहिबाबाद थाना क्षेत्र में एक युवती द्वारा अपने पिता और भाभी पर पिस्टल तानकर धमकी देने का मामला सामने आया है।

घटना वृंदावन गार्डन कॉलोनी की है। युवती कार लोन के लिए बैंक सत्यापन नहीं कराने से नाराज थी।

घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आने के बाद पिता ने नौ सितंबर को बेटी और उसकी सहेली के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस के अनुसार, बागपत निवासी हितेश तोमर (65) अपने बेटे अभिषेक और बहू के साथ साहिबाबाद में रहते हैं। अभिषेक निजी कंपनी में काम करता है। आरोप है कि आठ सितंबर को बेटी प्रियंका अपनी सहेली के साथ घर पहुंची और पिता व भाभी पर पिस्टल तान दी। उसने कार लोन के सत्यापन को लेकर नाराजगी जताई और धमकी दी।


**कार्यालय नगर पालिक निगम सागर**

क्र./नामा.शा./न.नि./2026-27/51 सागर, दिनांक 08.09.2026

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अन्दर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयनामा/दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1151/26-27 | तिलकगंज | रजि बैनामा, शपथपत्र | राजाराम पिता खितई पटेल | इरशाद वल्द फैयाद अली |
| 2 | 1152/26-27 | तुलसी नगर | रजि बैनामा, शपथपत्र | स्व. सलमा बी पति रहमत खान | रहमत वल्द स्व. मोह. खान एवं अजमत, अमजद असमत एवं शमीम बानो सभी पिता रहमत खान |
| 3 | 1153/26-27 | भगवानगंज | रजि बैनामा, शपथपत्र | रामलाल पिता मानकलाल रैदास | सुखा पति शिवनाथ केशरवानी |
| 4 | 1154/26-27 | वृन्दावन | रजि. बैनामा, शपथपत्र | राजेश पिता राजनारायण दुबे | चन्द्रभान पिता हीरालाल मिश्रा |
| 5 | 1155/26-27 | वल्लभ नगर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | स्व. भावसिंह पिता स्व. फूलसिंह लाड़िया | लीलाधर पिता स्व. भावसिंह लाड़िया |
| 6 | 1156/26-27 | जवाहरगंज | रजि. बैनामा, शपथपत्रा | स्व. शंकरलाल पिता स्व. धरमूलाल केशरवानी | शुभम एवं ईशा पुत्र/पुत्री स्व. दिलीप केशरवानी |
| 7 | 1157/26-27 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | दशोदा बाई ऊफ सूरजरानी पति कुन्दनलाल पुत्री स्व. रामगोपाल पटेल | देवकी पति गणेश प्रसाद साहू |
| 8 | 1158/26-27 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा,शपथपत्र | मे. अनन्त एसो.द्वारा पार्ट:- प्रमेन्द्र पिता ओंकार प्रसाद रिछारिया | रूपाली पति अमन विश्वकर्मा |
| 9 | 1159/26-27 | बाघराज | रजि बैनामा, शपथपत्र | विजय पिता रामचरण घोषी | मनीषा कुमारी पति श्यामनन्द चौधरी |
| 10 | 1160/26-27 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथपत्र | विनोद कुमार पिता गोविन्द प्रसाद मुन्शी | मानसी पति गौरव विश्वकर्मा |

नोटः- जन सम्पर्क विभाग नामान्तरण सूचना का प्रकाशन एफ प्रादेशिक एवं एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में कराकर एक पति उपलब्ध करावें।

**कृते-आयुक्त, नगर पालिक निगम, सागर**